अधिकारी उदासीन

## हावड़ा मेल और संघमित्रा एक्सप्रेस के आते ही कोच में टूट पड़े, कर रहे अवैध वसूली

# अवैध वेंडरों का अड्डा बना जबलपुर स्टेशन



**जबलपुर, नवभारत।** मुख्य रेलवे स्टेशन में जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते अवैध वेंडर बेखौफ खाद्य सामग्री एवं लोकल पानी बेच रहे हैं। यही नहीं यहां तक कि वैध वेंडर भी कई बार यूनिफॉर्म नहीं पहनते है और जैसे ही उनको रेलवे बोर्ड की टीम या डीआरएम जैसे अधिकारियों के निरीक्षण की भनक लगती है तो वे फौरन ही यूनिफॉर्म, कैप और ग्लब्ज में नजर आने लगते है। पश्चिम मध्य जोन का जबलपुर रेलवे स्टेशन वर्ल्ड क्लास स्तर पर विकसित किया जा रहा है लेकिन, स्टेशन के प्लेटफार्म अब अवैध वेंडरों का अड्डा बन चुके है। जानकारों कि माने तो बिना वैध लाइसेंस और उचित कागजात के सैकड़ों वेंडर्स प्लेटफार्म पर सक्रिय हैं, जिन के द्वारा खानपान की सामग्री बेधड़क बेची जा रही है। इसमें पूड़ी सब्जी, इडली सांभर, आलूबडा समोसा आदि शामिल है जिनका कोई मानक नहीं है।

### करते है अभद्रता

रेलवे से जुड़े सूत्रों और स्थानीय लोगों कि माने तो प्लेटफार्म पर ट्रेनों के पहुंचते ही यह अवैध वेंडर उसमें टूट पड़ते हैं। जिसकी पड़ताल खुद नवभारत द्वारा की गई। जैसे ही बुधवार शाम को दो लम्बी दूरी की ट्रेनें जिसमें 12321 हावड़ा मेल और 12295 संघमित्रा एक्सप्रेस शामिल थी, के प्लेटफार्म पर पहुंचते ही ये अवैध वेंडर्स जनरल और स्लीपर कोच में मौजूद यात्रियों को मनमाने दामों पर भोजन सामग्री खरीदने का दबाव बनाते देखे जा सकते थे। हैरानी कि बात तो यह है कि जब भी रेलवे के बड़े अधिकारी स्टेशन का निरीक्षण करने आते हैं, तो अचानक ये अवैध वेंडर्स गायब हो जाते हैं, जैसे गधे के सिर से सिंग! पानी की बोतल 20 रूपए में!

लंबी दूरी की ट्रेनों में यात्रा कर रहे यात्रियों ने बताया कि बड़े से बड़े स्टेशनों पर ट्रेनों का हॉल्ट मात्र पांच या दस मिनट का होता है। इस दौरान ये अवैध वेंडर्स रेल नीर छोड़ बाकी सारे लोकल पानी 20 से 25 रुपए में यात्रियों को बेच रहे हैं। स्टेशन पर रेल नीर की उपलब्धता भी समाप्त हो चुकी है। जब यात्रियों द्वारा रेल नीर की मांग की जाती है, तो उन्हें लोकल पानी की बोतल पकड़ा दी जाती है। इस स्थिति ने यात्रियो में असंतोष बढ़ा दिया है।

### इनका कहना है



रेल में यात्रा करने वाला आम यात्री हो या फिर कोई और किसी की भी सेहत से खिलवाड़ नहीं होना चाहिए। जब यात्री पैसा खर्च कर रहा है तो उसे गुणवत्ता वाला भोजन मिलना चाहिए।

**तुषार रजक**



स्टेशनों पर अक्सर अवैध वेंडर देखे जा सकते हैं। रेलवे प्रशासन को इन पर सख्ती से पेश आना चाहिए किसी की भी सेहत से खिलवाड़ नहीं होना चाहिए।

**जितेंद्र श्रीवास**

मैं तत्काल ही कमर्शियल डिपार्टमेंट को बोलकर इन पर कार्रवाई करवाता हूं।

**हर्षित श्रीवास्तव, सीपीआरओ, पश्चिम मध्य रेल**

## पीडब्ल्यूडी के 150 ठेकेदारों का 65 करोड़ का भुगतान अटका

▸ नगर निगम के आश्वासन से खफा ठेकेदार पहुंचे कलेक्टर के दरबार



**नवभारत, जबलपुर।** नगर निगम के लोक निर्माण विभाग के करीब 150 ठेकेदारों का 65 करोड़ रुपए का भुगतान अभी भी अटका हुआ है जिसको लेकर अब ठेकेदारों के सामने आर्थिक संकट छा गया है। आक्रोशित ठेकेदारों का कहना है कि अपर आयुक्त प्रशांत गोंटिया के द्वारा बार-बार सिर्फ भुगतान का आश्वासन दिया जा रहा है लेकिन भुगतान नहीं किया जा रहा है। जबकि उनके एक साथी ठेकेदार की पत्नि गंभीरावस्था में अस्पताल में इलाजरत हैं और उसे रुपए की बहुत आवश्यकता है। जानकारी के अनुसार भुगतान न होने से परेशान ठेकेदारों ने कलेक्टर दीपक सक्सेना से मुलाकात की और उन्हें शिकायत पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई। ठेकेदारों की माने तो कलेक्टर महोदय से उन्हें उचित कार्यवाही का आश्वासन मिला है।

### बस 10-20 प्रतिशत किया जाता है भुगतान

पीडब्ल्यूडी विभाग के ठेकेदारों ने नवभारत को बताया कि पिछले कुछ समय से नगर निगम द्वारा उनके काम पूरा लिया जाता रहा है लेकिन सिर्फ 10 से 20 प्रतिशत भुगतान ही किया जाता रहा है। नतीजा ये है कि आज की दिनांक तक करीब 150 ठेकेदारों का 65 करोड़ रुपए बकाया हो गया है। ठेकेदारों का स्पष्ट कहना है कि उन्हें जल्द ही भुगतान नहीं किया गया तो वे काम बंद हड़ताल पर चले जाएंगे।

### इनका कहना है

पीडब्ल्यूडी विभाग के ठेकेदारों का समूह मेरे पास भुगतान की समस्या लेकर आया था। ठेकेदारों की समस्याओं के संबंध में नगर निगम कमिश्नर को अवगत करा दिया गया है।


**दीपक सक्सेना, कलेक्टर जबलपुर**

रक्षाबंधन का पर्व सिर पर है और नगर निगम के पीडब्ल्यूडी विभाग के करीब 150 ठेकेदारों का भुगतान अभी तक अटका हुआ है। जब अपर आयुक्त प्रशांत गोंटिया के पास भुगतान के लिए जाया जाता है तो उनके द्वारा सिर्फ आश्वासन दिया जाता रहा है। पिछले डेढ सालों से यही स्थिति है और ठेकेदारों के सामने अब आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।

**अभिषेक सोनकर, ठेकेदार, पीडब्ल्यूडी ननि**

# रीलबाज सोशल मीडिया पर दिखा रहे भौकाल

▸ गैंगस्टर-गुर्गे चेलों के साथ फैला रहे दहशतगर्दी



**जबलपुर।** रीलबाज सोशल मीडिया पर भौकाल दिखाने, खुद को दादा, डॉन, किंग और गैंगस्टर कहलवाने और फैन फॉलोइंग बढ़ाने अवैध शस्त्रों का प्रदर्शन कर रहे हैं, दहशतगर्दी दिखा रहे हैं। कोई फायरिंग कर रहा हैं तो कोई आर्म्स लहरा रहा हैं। खुद को गैंगस्टर बताने वाले बदमाश और उनके गुर्गे, चेले सोशल मीडिया पर सक्रिय है हालांकि इन पर पुलिस ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया ऐसे गुंडे-बदमाश चिन्हित किए जा रहे हैं।

### पढ़ाई लिखाई की उम्र में बदमाशी

सोशल मीडिया पर सक्रिय रीलबाजों में अधिकतर किशोर हैं और वह पढ़ाई लिखाई की उम्र में युवा सोशल मीडिया में खुद को बड़ा बदमाश दिखाने सोशल मीडिया पर हथियारों के साथ फोटो, वीडियो वायरल कर रहे है।

**जेल में बदमाश, बाहर गुर्गों की गुंडई**-कई गैंगस्टर ऐसे है जो जेल में बंद हैं और जेल की हवा खा रहे है लेकिन उनके गुर्गे सलाखों के बाहर गुंडई चमका रहे हैं। कुछ तो बदमाशी कायम रखने के लिए सरेराह रंगादारी मांगते हैं और न देने पर न केवल हमले करते है बल्कि खौफ दिखाने के लिए मारपीट, हमले का वीडियो भी बनाते है जिसे सोशल मीडिया पर वायरल कर देते है।

**हिस्ट्री मिलते ही उतर रही रीलगिरी**- हालांकि ऐसे बदमाशों पर कार्रवाई करने के लिए सोशल नेटवर्किंग साईट्स पर निगाह रखने के लिए सोशल मीडिया सेल का गठन किया गया है। अभी हाल में हत्याकांड में जेल से छूटे बदमाश ने समर्थकों के साथ रैली निकाली। वीडियो वायरल किया पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया बदमाशों को गिरफ्तार किया। पिछले माह सोशल मीडिया पर पिस्टल, हथियारों के साथ फोटो वीडियो वायरल करने वालों पर भी कार्रवाई की गई थी।

# आयात पर निर्भरता कम करने की जरूरत : प्रो . वर्मा

▸ जीएसआई का दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन प्रारम्भ




**नवभारत, जबलपुर।** भारत के स्वच्छ ऊर्जा दृष्टिकोंण को सशक्त बनाने के उद्देश्य से भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) ने मध्यप्रदेश में महत्वपूर्ण खनिज, अन्वेषण और दोहन विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आगाज गुरूवार को मुख्य अतिथि रादुविवि कुलपति प्रोफेसर राजेश कुमार वर्मा, जीएसआई के महानिदेशक असित साहा ने किया। आयोजन भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) के 175वें स्थापना वर्ष समारोह के उपलक्ष्य में 7 व 8 अगस्त को जबलपुर में किया जा रहा है।

इस दौरान रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजेश कुमार वर्मा ने अन्वेषण प्रयासों में तेजी लाने और आयात पर निर्भरता कम करने की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया और भारत के स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन और तकनीकी आत्मनिर्भरता प्राप्त करने में महत्वपूर्ण खनिजों की रणनीतिक भूमिका को रेखांकित किया। जीएसआई के महानिदेशक असित साहा ने अपने संबोधन में जीएसआई की 175 साल की यात्रा पर प्रकाश डाला, उन्होंने भारत की आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने के लिए अत्याधुनिक तकनीकों को अपनाने की तत्काल आवश्यकता पर भी बल दिया। कार्यक्रम में मौजूद एमईसीएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक आई.डी. नारायण ने महत्वपूर्ण खनिज अन्वेषण और खनिज ब्लॉक नीलामी में जीएसआई के अग्रणी योगदान की सराहना की।

**मानचित्रों को किया गया प्रदर्शित**

सम्मेलन के दौरान गणमान्य व्यक्तियों द्वारा महत्वपूर्ण खनिजों पर राष्ट्रीय सम्मेलन का सारांश खंड, नर्मदा, महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉकों पर संग्रह, जीएसआई द्वारा सौंपे गए नीलामी योग्य ब्लॉकों पर संग्रह, ग्रेफाइट भंडार के खनिज बेल्ट मानचित्र, बैतूल बेल्ट, बैतूल जिला, मध्य प्रदेश, फॉस्फोराइट भंडार के खनिज बेल्ट मानचित्र, झाबुआ बेल्ट, झाबुआ जिला, मध्य प्रदेश, जीएसआई के अभिलेख खंड 156, 157, 158 (भाग 6, मध्य क्षेत्र) और मध्य प्रदेश के 10 जिला संसाधन मानचित्र सहित विभिन्न प्रकाशन प्रदर्शित किए गए।

पोस्टरों में प्रस्तुत किए गए सारांश कार्यक्रम में भूवैज्ञानिक ढांचे, खनिज प्रणाली मॉडल, भूभौतिकीय रणनीतियां, नवीन अन्वेषण उपकरण, सतत खनन पद्धतियां, नीति सुधार और महत्वपूर्ण खनिज पुनर्चक्रण जैसे विविध भूवैज्ञानिक विषयों पर तकनीकी सत्र आयोजित किए गए।

तकनीकी पत्र, पोस्टर और शोध सारांश प्रस्तुत किए गए और डोमेन विशेषज्ञों द्वारा उन पर विचार-विमर्श किया गया, जिससे भारत के संसाधन भविष्य को सुरक्षित करने में भूवैज्ञानिक नवाचार के महत्व पर बल मिला।

### इनकी रही सहभागिता

कार्यक्रम में मिनरल एक्सप्लोरेशन एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड (एमईसीएल) के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक आई. डी. नारायण और परमाणु खनिज अन्वेषण एवं अनुसंधान निदेशालय (एएमडी) के निदेशक धीरज पांडे के साथ-साथ विभिन्न हितधारकों, नीति निर्माताओं, आईआईटी/विश्वविद्यालयों, अनुसंधान संस्थानों और शिक्षा जगत के प्रतिभागियों ने भाग लिया।

# फोर व्हीलर से आकर जबलपुर में चोरियां कर फरार हो जाता था अंतर्राज्यीय गिरोह

▸ तीन शातिर सदस्य गिरफ्तार, उगली तीन चोरियां, 8.80 लाख रूपए के जेवर जब्त



**जबलपुर।** तीन शातिर नकबजनों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। अंतर्राज्यीय चोर गिरोह फोर व्हीलर वाहनों से जबलपुर आता था और घूम-घूम कर चोरियों की वारदातों को अंजाम देता था। पकड़े गए चोरों ने पूछताछ में खमरिया, गोराबाजार में तीन चोरियां करना स्वीकार किया है। चुराये हुये जेवर खरीदने वाले आरोपी को भी पकड़ा गया है। आरोपियों के कब्जे से चुराये हुये 8 लाख 80 हजार रूपये कीमती सोने चांदी के जेवर जप्त किए गए। यह जानकारी गुरूवार को पुलिस कंट्रोल रूम में अति. पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी ने दी।

उन्होंने बताया कि वसुंधरा विहार फेस 2 घाना में रहने वाले मोहित तिवारी के सूने चोरी हुई थी जिसकी रिपोर्ट पांच अप्रैल को दर्ज की गई थी चोर जेवरात व नगदी चुराकर ले गए थे। इसी प्रकार गोराबाजार थाने में नितिन कुमार मलिक ने 7 अप्रैल को घर का ताला तोड़कर जेवर, नगदी लगभग 1 लाख 50 हजार रूपये की चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। इसके अलावा गोराबाजार थाने में 7 अप्रैल को किरण यादव निवासी मां नर्मदा सिटी बिलहरी के सूने घर से भी अज्ञात चोर जेवर, नगदी चुराकर ले जाने की एफआईआर दर्ज की गई थी। मामले में नगर पुलिस अधीक्षक रांझी सतीष कुमार साहू, नगर पुलिस अधीक्षक कैंट उदयभान बागरी के मार्गनिर्देशन में खमरिया थाना प्रभारी श्रीमति सरोजनी टोप्पो, गोराबाजार थाना प्रभारी रमन सिंह मरकाम के नेतृत्व में टीमें गठित की गई थी।

**जेल से उठाकर शहर लाई पुलिस**

पुलिस टीमों ने पतासाजी की तो यह बात सामने आई कि उडन सिंह मेढा, सरम सिंह मेढा निवासी जिला धार के बिजावर जिला छत्तरपुर के जेल में बंद है। विधिवत कार्यवाही करते हुये दोनों को जिला जबलपुर लाकर न्यायालय के समक्ष पेश करते हुये पुलिस रिमाण्ड में लिया गया।

पूछताछ में उगले साथियों के नाम पूछताछ करने पर उडन, सरम ने सुरभ सिंह, अदन सिंह, मान्या, सुकरु, मोहब्बत के साथ मिलकर खमरिया, गोराबाजार में चोरियां करना स्वीकार किया। चुराये हुये जेवरो का मुकेश सोनी निवासी बाग जिला धार को बेचना एवं जेवर बेचने से मिले रूपयों एवं चुराये हुये नगदी रूपये आपस में बांटकर खर्च कर देना बताये। आरोपी सुरभ सिंह, मान्या, सुकरु, मोहब्बत, दीना, की तलाश जारी है। बुलेरो वाहन फरार साथियों के पास, आर्टिका कार बिजावर छतरपुर में जप्त है।

### धार में दबिश देकर अदन, बाग से मुकेश को दबोचा

आरोपी जिला धार के थाना टाडा ग्राम पिलवा में दबिश देते हुये अदन सिंह अलावा एवं ग्राम बाग में दबिश देते हुये मुकेश सोनी को पकडा गया, मुकेश सोनी ने पूछताछ पर चोरी के जेवरात खरीदना स्वीकर करते हुये जेवरातो को गला देना बताया। आरोपियों के कब्जे से कीमती लगभग 8 लाख 81 हजार रुपये का जप्त किया गया है।

**गढ़ा हुई चार नकबजनी का खुलासा: पांच गिरफ्तार**- गढ़ा थाना अंतर्गत हुई चार नकबजनी का भी पुलिस ने खुलासा कर दिया है साथ ही पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया हैं। जिनके कब्जे से चुराये हुये सोने चांदी के जेवर, डीवीआर, स्कूटी कीमती 25 लाख रूपये के जप्त किए गए। गढ़ा थाना प्रभारी प्रसन्न कुमार शर्मा ने बताया कि 29 जुलाई को शक्ति नगर निवासी दीपक नैय्यर, घर में पांच लाख रूपए की चोरी हुई थी। इसी प्रकार मानस मदिर के पास रहेन वाले नीरज कुमार, सैनिक सोसायटी निवासी मुक्ति बोकड़े, प्रेम नगर निवासी हरिमंदर सिंह के घर में भी चोरियां की वारदातें हुई थी। सीसीटीव्ही फुटेज खंगाले गये चिन्हित करते हुये सूरज गौड एंव विजय बैरागी को अभिरक्षा में लेकर सघन पूछताछ करने पर दोनों ने साथी आर्यन मल्लाह के साथ थाना गढा क्षेत्र में कुल 4 नकबजनी का खुलासा किया। चोरी का सामान पप्पू ऊर्फ प्रेमनाथ मल्लाह एवं उसकी पत्नी दीक्षा पटैल को बेचना बताया। आर्यन मल्लाह, पप्पू उर्फ प्रेमनाथ मल्लाह एवं दीक्षा पटेल मल्लाह को अभिरक्षा में लेते हुये 25 लाख का माल जब्त किया गया। शातिर नकबजन प्रेमनाथ उर्फ पप्पू मल्लाह जिसके खिलाफ भोपाल एवं जबलपुर में 55 अपराध दर्ज है।

# पनागर में 14 को तिरंगा यात्रा का होगा आयोजन

**पनागर।** स्वन्त्रता दिवस के अवसर पर 14 अगस्त को विधायक सुशील इंदु तिवारी की उपस्थिति में विशाल तिरंगा यात्रा आयोजित होने जा रही है, यह तिरंगा यात्रा महाराजपुर से शुरू होकर पनागर नगर का भ्रमण करते हुए देवरी बजरंग बाड़ा स्थित हनुमान मंदिर में समाप्त होगी, नगर मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र साहू ने समस्त देश प्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में इस यात्रा में शामिल होकर तिरंगा यात्रा को सफल बनाने की अपील की है।

विधायक सुशील इंदु तिवारी ने बताया कि किस प्रकार देश को तोड़ने एवं सेना का मनोबल तोड़ने का काम कांग्रेस कर रही है परंतु इस तिरंगा यात्रा के माध्यम से यह संदेश घर घर पंहुचेगा कि भारत देश न कभी झुका है और न कभी झुकेगा। इस अवसर पर आनंद जैन मिचु, पूर्व अध्यक्ष नपा.रीना जैन, कांति सैनी, महामंत्री अनिल वंशकार, पूर्व मंडल अध्यक्ष गोवर्धन खेटपाल, अनिल गौतम, विजय बर्मन, अंकुर जैन, संतोष सैनी, गुड्डू गौतम, प्रहलाद पटेल, अतुल सैनी, अमिताभ साहू, सुरेश पटेल, स्वप्निल जैन राजा सहित भाजपा नगर मंडल के समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


**पश्चिम मध्य रेल**

**विद्युत शाखा – खुली निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत) पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर भारत संघ के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर ओर से अनुभवी ठेकेदार से निम्नलिखित कार्यो हेतु ई-टेंडर आमंत्रित किया जाता है। निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन प्रस्ताव ही स्वीकार किए जाएंगे इस विरुद्ध मैनुअल ऑफर की अनुमति नहीं है और ऐसा प्राप्त मैनुअल ऑफर स्वीकार नहीं किया जाएगा। **निविदा सूचना क्र.** निविदा सूचना क्र. जबल/एल/टी.न./12/2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहित :** "अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतगत 18 लिफ्ट **(SHR-2,KTE-6,KMZ-3KTES-2, MYR-1 & Rewa-4)** की आपूर्ति स्थापना सहित सभी संबंधित [विद्युत एवं सिविल कार्य हेतु समेकित निविदा] तथा 02 वर्षो की वारंटी अवधि के उपरांत 05 वर्षो की सीएएमसी।, **निविदा का अनुमानित मूल्य :** 132536750.50, **निविदा फार्म की कीमत रुपयें:** Nill, **कार्यलय का पता:** वरि. मंडल विद्युत अभियंता/सामान्य/जबलपुर द्वितीय फ्लोर, डीआरएम बिल्डिंग जबलपुर 482001, **बयाना राशि रुपये:** 812700.00, **समापन अवधि (वर्ष):** 09 महिना, **निविदा जमा करने की तिथि एवं समय (15:00 बजे तक):** 25.08.2025, **निविदा खुलने की तिथि एवं समय (15:30 बजे तक):** 25.08.2025, निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी वेबसाईट, http://www.ireps.gov.in उपलब्ध है तथा मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत) कार्यालय जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है।

(हस्ता)
मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत)
पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर




# कृषि अमले ने शहपुरा एवं पाटन डबल लॉक केंद्र पर मोर्चा संभाला

**पाटन।** अनुविभागीय कृषि अधिकारी पाटन डॉ. इंदिरा त्रिपाठी के नेतृत्व में कृषि विभाग के समस्त अमले ने सुबह से शहपुरा डबल लॉक एवं पाटन डबल लॉक केंद्र पर मोर्चा संभाल लिया जिसमे अनुविभागीय अधिकारी राजस्व शाहपुरा कुलदीप परासर एवं मानवेन्द्र सिंह अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पाटन, टी आई शाहपुरा पुलिस प्रशासन का पूरा सहयोग रहा 7डबल लॉक शहपुरा में मार्कफेड के 3 काउंटर एवं 3 निजी विक्रेताओं माँ नर्मदा एग्रो बेलखेड़ा, राधा फर्टिलाइजर भेडाघाट, चौकसे कृषि केंद्र बेलखेड़ी के माध्यम से सुव्यवस्थित एवं सुचारू रूप से यूरिया वितरण कार्य करवाया गया भेडाघाट से शहपुरा तक के किसानो के लिए राधा फर्टिलाइजर भेडाघाट के निजी विक्रेता शहपुरा से बेलखेड़ा तक के किसानो के लिए माँ नर्मदा कृषि केंद्र बेलखेड़ा एवं बेलखेड़ा से मेरे गाँव के किसानो के लिए चौकसे कृषि केंद्र बेलखेड़ी के प्रोपराईटर अपनी पी.ओ.एस. मशीन के साथ डबल लॉक में बैठे जिससे किसानो को सुविधां हुई और अपने क्षेत्र में खाद ले जाने का भाड़ा भी बचा इसी प्रकार पाटन के गुरुपिपरिया डबल लॉक केंद्र पाटन के 3 काउंटर एवं 2 उर्वरक विक्रेताओं राहुल कृषि केंद्र पाटन एवं न्यू मंगलम ट्रेडर्स पाटन को गुरुपिपरिया डबल लॉक केंद्र में बैठाकर यूरिया वितरण मैं अनुविभागीय अधिकारी राजस्य, कृषि विभाग, एवं पुलिस प्रशासन की मदद से करवाया गया 7 आज शहपुरा डबल लॉक केंद्र से 490 टोकन एवं गुरुपिपरिया पाटन डबल लॉक केंद्र से 478 टोकन पर किसानो को यूरिया वितरण करवाई गई।

# बैठक में नहीं निकला निष्कर्ष, कहीं तहसीलदारों पर न गिर जाए गाज

▸ काम पर लौटें नहीं तो शासन स्तर की कार्रवाई के लिए रहें तैयार : कलेक्टर

**नवभारत, जबलपुर।** राजस्व विभाग कार्यों के न्यायिक और गैर-न्यायिक विभाजन के खिलाफ तहसीलदार और नायब तहसीलदारों का समूह कार्यालय तो आया लेकिन उन्होंने किसी प्रकार का कोई काम नहीं किया। नतीजा जबलपुर जिले के सभी तहसील कार्यालयों में पक्षकार और अधिवक्ता अपने-अपने कामों के लिए परेशान होते नजर आए। उधर कलेक्टर ने तहसीलदारों को संकेत दे दिया है कि वे काम पर लौट आएं नहीं तो शासन स्तर की कार्रवाई के लिए तैयार रहें। इस दौरान मुख्य रूप से सीमांकन, नामांतरण, बंटवारा जैसे प्रकरण के लिए आवेदक खासा परेशान हुए। तहसीलदारों का स्पष्ट कहना था कि वे केवल आपदा प्रबंधन के नाम पर कार्यालय आए हैं और आपदा के ही कार्य को संपादित करेंगे।

**प्रमुख सचिव ने दिए कलेक्टर को निर्देश** -जानकारी के अनुसार गुरूवार को तहसीलदार और नायब तहसीलदार की समस्याओं को जानने राजस्व विभाग के प्रमुख सचिव ने कलेक्टर को निर्देश दिए कि वे इनके साथ एक बैठक करें और ये जानने की कोशिश करें कि उनकी मूलभूत समस्या क्या है। इसके बाद कलेक्टर कार्यालय में कलेक्टर के नेतृत्व में तहसीलदारों, नायब तहसीलदारों के साथ बैठक आयोजित की गई। इस दौरान कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि आप लोग काम पर लौट आईए अन्यथा शासन स्तर पर कार्रवाई के लिए तैयार रहें। कलेक्टर दीपक सक्सेना का कहना है कि राजस्व विभाग के प्रमुख सचिव के निर्देश के बाद तहसीलदार, नायब तहसीलदारों के साथ बैठक कर उनकी डिमांड जानने की कोशिश की गई लेकिन वे कोई लॉजिकल बात नहीं कह पाए। तहसीलदारों से निवेदन किया गया है कि वे काम पर लौट आएं। अन्यथा शासन स्तर पर की जाने कार्रवाई के लिए तैयार रहें। शासन स्तर से तहसीलदारों के बारे में जो जानकारियां मुझसे मांगी गई थीं वो मैंने भेज दीं हैं।


**Kolhapur Municipal Corporation (KMC),**
**Kolhapur, Government of Maharashtra,**
Kolhapur Municipal Corporation.
Bhausinghji Road, C Ward, Kolhapur,
Maharashtra Pin Code: 416002.

**TENDER NOTICE**

Municipal Commissioner, Kolhapur Municipal Corporation (KMC), Kolhapur, Government of Maharashtra, Kolhapur Municipal Corporation, Bhausinghji Road, C Ward, Kolhapur, Maharashtra. Pin Code: 416002 invites bids from eligible bidders for Construction and implementation of storm water works for Urban Flood Mitigation in Kolhapur Municipal Corporation (KMC) under Maharashtra Resilience Development Project (MRDP).

| Name of Work | Tender Notice No | Tender Fee |
|---|---|---|
| Construction and implementation of Storm Water Works for Urban Flood Mitigation in Kolhapur Municipal Corporation (KMC) | IN-KMC-493113-CW-RFB | 15,000/- |

BID documents can be downloaded online from 07th August 2025. For detailed tender notice and to download BID document please visit website https://mahatenders.gov.in.

The last date for submitting of BID form duly filled is 23rd September 2025 till 17:00 HRS. (IST)

Tender Notice No. 493113CWRFB sd/-
Municipal Commissioner,
Kolhapur Municipal Corporation (KMC)



**AURANGABAD SMART CITY DEVELOPMENT CORPORATION LIMITED (ASCDCL)**

**REQUEST FOR PROPOSAL**

ASCDCL invites firms possessing relevant capabilities to respond to this RFP for following:

| Sr. No. | Title and Tender ID No. | Closing Date |
|---|---|---|
| 01 | Selection of service provider for Design, Development. Deployment and Maintenance of Clean Streets App for city wide vigilance on PPP basis. [ASCDCL/2025/880] [2025_ASCDC_1208685_1] | 22-Aug-2025 05:00 PM |

The tender documents can be downloaded from http://mahatenders.gov.in
Sd/-
**Chief Executive Officer**
Aurangabad Smart City Development Corporation Limited Aurangabad



**कब्जा नोटिस**

जबकि, **जन लघु वित्त बैंक लिमिटेड** के प्राधिकृत अधिकारी ने वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 की धारा 13 (2) के साथ नियम 3 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उधारकर्ता(ओं)/सह-उधारकताओं को **मांग नोटिस** जारी किए हैं, जिसमें उधारकताओं से आह्वान किया गया है कि वे नोटिस की प्राप्ति की तिथि से **60 दिनों** के भीतर संबंधित नामों के समक्ष उल्लिखित राशि को ब्याज सहित उक्त नोटिस में उल्लिखित लागू दरों पर चुकाएं, साथ ही भुगतान और/या वसूली की तिथि तक लागू आकस्मिक व्यय, लागत, प्रभार आदि के रूप में भविष्य में होने वाले ब्याज का भी भुगतान करें।

| क्र. सं. | ऋण संख्या | उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता | 13(2) नोटिस दिनांक/बकाया राशि (रुपये में) | दिनांक/समय और कब्जे का प्रकार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 31209420001111 और 31209430000278 | 1) श्री राजेश सिंह, पुत्र रामलखन, 2) श्रीमती चंद्रकला, पत्नी रामलखन | 20.05.2025 ₹ 10,20,673.19 (दस लाख बीस हजार छह सौ तिहत्तर और उन्नीस पैसे मात्र) 15.05.2025 तक | दिनांक: 05.08.2025 समय: शाम 05.45 बजे प्रतीकात्मक कब्जा |
| | संपत्ति का विवरण: भूमि का वह पूरा टुकड़ा जिसमें खसरा संख्या 285 और म्यूटेशन के बाद नया खसरा संख्या 285/1, कुल क्षेत्रफल 1500 वर्ग फुट (139.40 वर्ग मीटर) और उस पर निर्माण कार्य शामिल है, एन.बी. संख्या 664, सरल संख्या 11, पी.एच. संख्या 17/20, नया 60, वार्ड संख्या 75, मौजा महाराजपुर, आर.एन.एम. महाराजपुर, तहसील पनागर और जिला जबलपुर (मध्य प्रदेश) में स्थित है। सीमा: पूर्व में महेशदत्त ठाकुर का प्लॉट, पश्चिम में सेलर्स की भूमि, उत्तर में कंजरवेंसी लेन और दक्षिण में साइड रोड। | | | |

जबकि ऊपर उल्लिखित उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता देय राशि का भुगतान करने में विफल रहे हैं, इसलिए विशेष रूप से ऊपर उल्लिखित उधारकताओं और आम जनता को सूचित किया जाता है कि जन लघु वित्त बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उपरोक्त वर्णित संपत्तियों/सुरक्षित परिसंपत्तियों को उक्त नियमों के नियम 8 के साथ उपरोक्त उल्लिखित तिथियों पर अपने कब्जे में ले लिया है। विशेष रूप से ऊपर उल्लिखित उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता और आम जनता को एतद्वारा चेतावनी दी जाती है कि वे उपरोक्त संपत्तियों/सुरक्षित परिसंपत्तियों से लेन-देन न करें और उक्त संपत्तियों/सुरक्षित परिसंपत्तियों से कोई भी लेन-देन **जन लघु वित्त बैंक लिमिटेड** के प्रभार के अधीन होगा।

स्थान: जबलपुर
दिनांक: 08.08.2025

एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी,
जन लघु वित्त बैंक लिमिटेड के लिए

**JANA SMALL FINANCE BANK** (A Scheduled Commercial Bank)
पंजीकृत कार्यालय: द फेयरवे, भूतल एवं प्रथम तल, सर्वेक्षण संख्या 10/1, 11/2 एवं 12/2बी, डोम्लुर के पास, कोरमंगला इनर रिंग रोड, ईजीएल बिजनेस पार्क के बगल में, चल्लाघट्टा, बेंगलुरु-560071। शाखा कार्यालय: प्लॉट संख्या 131/01, भूतल, एमपी नगर जोन-2, भोपाल (एमपी)-462011।